## सार-समाचार

### विवाहिता ने फंदा लगाकर किया सुसाइड

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। उदेई मोड़ थाना क्षेत्र स्थित गणेश नगर में शनिवार सुबह एक विवाहिता ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज कराया है। सूचना मिलने पर उदेई मोड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजनों ने महिला को फंदे से नीचे उतार लिया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए राजकीय अस्पताल पहुंचाया। शाम करीब 4.30 बजे पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थानाप्रभारी बृजेश तंवर ने बताया कि मृतका की पहचान वर्षा शर्मा (29) पत्नी सचिन शर्मा के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वर्षा ने साड़ी का फंदा बनाकर घर की छत के कड़े से लटककर जान दी। वर्षा की शादी लगभग तीन महीने पहले 25 नवंबर 2025 को हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के पिता महेंद्र पुत्र चिरंजीलाल परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि उनकी पुत्री को दहेज की मांग को लेकर लगातार परेशान किया जा रहा था, जिसके कारण उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपाधीक्षक गिर्राज मीणा मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। संबंधित पक्षों से पूछताछ जारी है।

### तहसील अग्रवाल महिला मण्डल का फागोत्सव 24 को

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। तहसील अग्रवाल महिला मंडल के तत्वाधान में 24 फरवरी को अग्रवाल धर्मशाला में फागोत्सव का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की तेयारियो को लेकर महिला मण्डल की बैठक अग्रवाल खंडेलवाल ट्रस्ट के बद्रीनाथ मंदिर परिसर में तहसील अध्यक्ष सुमन आर्य की अध्यक्षता में हुई। इसमें सर्वसम्मति से फागोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम अग्रवाल धर्मशाला में दोपहर एक बजे से आयोजित किया जायेगा। फागोत्सव के सफल आयोजन के लिए ललिता मंगल, नीलम बंसल, सुनीता गुप्ता और अंजू जिंदल को कार्यक्रम संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी ने कार्यक्रम को भव्य और अनुशासित ढंग से संपन्न कराने पर जोर दिया। फागोत्सव के दौरान भजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए भजन मंडली आमंत्रित करने का भी निर्णय लिया गया। अंत में अध्यक्ष सुमन आर्य ने सभी सदस्यों से सक्रिय सहयोग की अपील की। तय किया गया है कि आयोजन में तहसील स्तर की सभी अग्रवाल महिला मंडल इकाइयों को आमंत्रित किया जाएगा। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है। बैठक के दौरान मंजू गर्ग, मिथिलेश मित्तल, बेबी गुप्ता, रेनू आर्य, कुसुम अग्रवाल, लता देवी, सरिता देवी और पुष्पा देवी ने आयोजन की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर अपने सुझाव दिए।

### प्राचार्य-विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय में परीक्षा से पहले प्राचार्य-विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया और अपनी शैक्षणिक व प्रशासनिक समस्याएं रखीं।कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. रमेश बैरवा ने छात्राओं को सेमेस्टर परीक्षाओं के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। उन्होंने छात्राओं से परीक्षा की पूरी तैयारी रखने, कक्षा में लिखवाए गए नोट्स का नियमित अध्ययन करने और समय प्रबंधन के साथ उत्तर लिखने का अभ्यास करने को कहा, ताकि वे बेहतर अंक प्राप्त कर सकें। प्रो. बैरवा ने छात्रवृत्ति से जुड़ी प्रक्रिया की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन छात्राओं ने इस सत्र के लिए आवेदन किया है, उनकी बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की गई है। संवाद के दौरान छात्राओं की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया और उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मनीषा बैरवा, रश्मि मीना, खुशबू मीणा, रवीना जाटव, कोमल सैनी, गुंजन अलवरिया, रोशनी, निकिता मीणा, मोनिका मीणा, शिवानी, पूर्ति मीणा, किरण मीणा, वर्षा कुमारी मीणा, चंचल कुमारी मीणा, कोमल गौड़, निशा कुमारी, संजना बैरवा, प्रिया बाई बैरवा, सलोनी धौलीवाल, वैष्णवी महावर, नेहा महावर, आकांक्षा बैरवा, शिवानी चतुर्वेदी सहित अनेक छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम के संचालन में सहायक लेखा अधिकारी शैलेश जैन सहित महाविद्यालय के अन्य कार्मिकों ने सहयोग किया।

### सम्मान समारोह आज

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। सर्व ब्राह्मण महासभा के नव नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आज सायं 5 बजे रूक्मणी पैलेस मैरिज होम में आयोजित किया जाएगा। ब्राह्मण महासभा के श्यामलाल जोशी ने बताया कि सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा होंगे। वहीं अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा करेंगे। सम्मान समारोह में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल शर्मा पार्थ, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद दीक्षित, जिला अध्यक्ष शिवचरण अन्ना, जिला संगठन मंत्री युगल किशोर चतुर्वेदी का सम्मान किया जाएगा। श्यामलाल जोशी ने ब्राह्मण समाज के सभी घटकों को इस सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

### माइलेज भत्ता बढ़ाने की मांग

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल का स्थापना दिवस गंगापुर सिटी में उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में रेल गार्डों ने अपनी लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए माइलेज भत्ता बढ़ाने और आठवें वेतन आयोग को जल्द लागू करने की मांग की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गार्डों और ट्रेन मैनेजरों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में गार्डों की जिम्मेदारियां लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन सुविधाएं उसी अनुपात में नहीं बढ़ाई गई हैं। उन्होंने सरकार से 4200 इनिशियल ग्रेड पे, 4600, 4800 और 5400 ग्रेड पे में संशोधन करने, मालगाड़ी के ब्रेक यान में तकनीकी सुधार करने तथा माइलेज भत्ते में वृद्धि करने की मांग रखी।कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त तथा नई नियुक्ति प्राप्त कर्मचारियों का स्वागत कर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले ट्रेन मैनेजरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान दिया गया। सम्मानित होने वालों में संजीव तेहलान, ओपी वर्मा, मुस्ताक अली, दिनेश चंद्र गुर्जर, हेमराज मीणा, द्वारका प्रसाद, नेमीचंद जाटव और नरेश राठौर शामिल रहे। काउंसिल की गंगापुर शाखा के सचिव भामेश मीना, काउंसलर हरिप्रसाद मीना, भगवान दास, हुकम सिंह और हनुमान सहाय सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी विचार व्यक्त किए।

### राजा मानसिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**डीग/भरतपुर**, (निसं)। राजस्थान विधानसभा में सात बार निर्दलीय विधायक रहे तथा भरतपुर राजपरिवार के सदस्य राजा मानसिंह की 41वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को डीग शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित उनके शहीद स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजपरिवार के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में शहर एवं ठाामीण क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। पंडित पुनीत शांडिल्य के मंत्रोच्चारण के बीच स्व राजा मानसिंह की पुत्री एवं पूर्व मंत्री कृष्णेंद्र कौर 'दीपा', काका रघुराज सिंह, कुंवर दीपराज सिंह एवं कुंवर विजय सिंह ने शहीद स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर स्थल को फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया। इस दौरान सतीश तमौलिया, मास्टर चंद्रपाल सिंह, लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे खेमचंद कोली, मेवाराम पटवारी, मनीष तमौलिया, पूर्व सरपंच बच्चू सिंह पास्ता, पूरन सिंह,सौरभ तमौलिया सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। गौरतलब है कि 21 फरवरी 1986 को डीग में कांठोस पार्टी के चुनाव प्रचार के आए तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर को लेकर आए हैलीकॉप्टर से स्वर्गीय राजा मानसिंह के विपिन कैरियर की कथित भिड़ंत की घटना के बाद पुरानी अनाज मंडी में पुलिस द्धारा उन्हें रोके जाने के दौरान लगी गोली से राजा मानसिंह का निधन हो गया था। उनके योगदान और व्यक्तित्व को याद करते हुए वक्ताओं ने उन्हें आम आदमी और किसानों का सच्चा हमदर्द और जननायक बताया।

### इंदरगढ़ दरबार में फागोत्सव होली आज

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। कर्मचारी कॉलोनी स्थित गौरव मैरिज होम के सामने इंदरगढ़ दरबार में फागोत्सव होली समारोह आज 22 फरवरी रविवार को दोपहर 1 बजे से आयोजित किया जावेगा। भक्त देवी चरण गर्ग ने बताया कि फागोत्सव समारोह में फूलों से होली खेली जावेगी।

# पथैना-धनेरी सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप

**भुसावर/भरतपुर**, (निसं)। सत्तर लाख की लागत से बन रही तीन किलोमीटर सड़क के उखड़ने पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से शिकायत कर जांच की मांग की। भुसावर उपखंड की द्राम पंचायत पथैना में शनिवार को सड़क निर्माण में घटिया डामर के उपयोग के विरोध में प्रदर्शन करते ग्रामीण और निर्माणाधीन सड़क का दृश्य। ग्रामीणों का विरोध एवं गंभीर आरोप घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने का आरोप ठेकेदार पर लगाते हुए ग्रामीण जनों की ओर से शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया गया।

गाँव पथैना निवासी कौशल फौजदार सहित अन्य ग्रामीण जनों ने बताया कि भुसावर उपखंड के ग्राम पंचायत पथैना मुख्यालय से हनुमान मंदिर धनेरी की तरफ जाने वाली बदहाल तीन किलोमीटर की सड़क की हालत को सत्तर लाख रुपए की लागत से यह सड़क दुबारा से सार्वजनिक निर्माण विभाग के ठेकेदार की ओर से बनाई जा रही है।

ग्रामीण जनों ने बताया कि सत्तर लाख रुपए की लागत से बनाई जा रही सड़क में ठेकेदार की ओर से डामर की मात्रा नहीं दी गई। क्वाल्टी निर्माण कार्य घटिया स्तर का होने के कारण जिस जगह पर सड़क बनाई गई उस जगह पर सड़क उखड़ने लगी है।

मुख्यमंत्री और उच्चाधिकारियों से शिकायत घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने की शिकायत ग्रामीण जनों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं उप मुख्यमत्री दियाकुमारी सहित राज्य के मुख्य मंत्री भजन लाल शर्मा से की गई। विभाग की प्रतिक्रिया एवं निर्देश मामले को लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग भुसावर के कनिष्ठ अभियंता कौशल सिंह ने स्थिति स्पष्ट की हैरू गाँव पथैना से धनेरी गुफा हनुमान मंदिर की तरफ बनाई जा रही सड़क में घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने की शिकायत मिली है जिस पर विभाग ने सड़क निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार से गुणवत्ता युक्त सामग्री लगाई जाने के निर्देश दिए गए है।

### दुकान से 4 लाख रुपये लेकर बदमाश फरार

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। हिण्डौन शहर में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 5:30 बजे हिण्डौन के महवा रोड पर रेलवे ओवरब्रिज के पास स्थित गोमती ट्रेडर्स की सरिया की दुकान के पीछे बने गोदाम में रखे लोहे के सरियों को देखने के लिए गया था। इसी दौरान दिनदहाड़े बाइक सवार एक अज्ञात बदमाश ने पहले दुकान के आसपास घूम कर रेकी की फिर मौका मिलते ही हेलमेट पहनकर दुकान में घुसा और काउंटर में बने कैश बॉक्स का ताला तोड़कर गल्ले से 4 लाख रुपये लेकर फरार हो गया। जब दुकान मालिक कुछ देर बाद वापस आया तो कैश बॉक्स टूटा हुआ मिला तथा रुपए गायब मिले। दुकान के मालिक गौरव शर्मा ने हिण्डौन नई मंडी थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# जनगणना 2027 के लिए 3 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**करौली**, (निसं)। जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं गणना ब्लॉक के गठन कार्य एवं द्वितीय चरण में जनगणना हेतु नियुक्त समस्त चार्ज /अतिरिक्त चार्ज अधिकारियों( तहसीलदार/ नायब तहसीलदार/आयुक्त/अधिशासी अधिकारी/राजस्व अधिकारियों ) का 2 दिवसीय एवं चार्ज स्तरीय कार्यालयों में नियुक्त नियमित सहायकों 3 दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय करौली के सभागार कक्ष में प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलेक्टरे नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में जनगणना निदेशालय से नियुक्त प्रशिक्षकों विशाल गर्ग, बृजेश शर्मा, हिमांशु गोयल एवं रजत कुमार ने सैद्धांतिक और प्रायोगिक रूप से जनगणना ब्लॉक,मकान सूचीकरण, नजरी नक्शे का निर्माण , वेब पोर्टल, एप, पोर्टल, तथा चार्ज स्तर पर यूजर , प्रशिक्षण आयोजन, आई डी बनाना, प्रगणक / को नियुक्ति पत्र एवं गणना क्षेत्र आबंटन आदि कार्य संपादन सावधानी पूर्वक एवं जिम्मेदारी से करने के बारे मे विस्तृत रूप से अवगत कराया । राज्य में 1 से 15 मई 2026 तक (स्व गणना पोर्टल) आमजन के लिए उपलब्ध रहेगा जिसमें आमजन स्वयं एक मोबाइल नंबर से एक परिवार की गणना कर सकता हैं इसके पश्चात्य उसे एक आई डी प्राप्त होगी जिसे जब प्रगणक फील्ड में उनके घर आएगा तब बताना होगा उसके सत्यापन के बाद ही डाटा पोर्टल पर अपलोड होगा । जनगणना के प्रथम चरण में प्रगणक द्वारा 33 प्रश्नों को मुखिया से पुछा जाएगा । सभी सवालों के जवाब देना अनिवार्य रहेगा। आजादी के बाद यह पहली पूर्णता डिजिटल एवं जातिगत जनगणना होगी।

प्रगणक को स्वयं के मोबाइल से जनगणना करनी होगी जिसके लिए मानदेय प्रत्येक चरण के पूर्ण होने पर दिया जाएगा । जनगणना का द्वितीय चरण पूरे देश भर में एक साथ फरवरी 2027 में शुरू किया जाएगा । उक्त प्रशिक्षण में जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री हेमराज परिडवाल , उप जिला जनगणना अधिकारी मुकेश कुमार, आयुक्त नगर परिषद करौली हिंडौन सिटी , उपनिदेशक सूचना प्रौद्योगिकी लेख राज सहित सभी चार्ज अतिरिक्त चार्ज अधिकारी , एवं जिला एवं चार्ज जनगणना सेल के नियमित सहायक उपस्थित उपस्थित रहे

# 25 हजार का इनामी बदमाश दीवान गुर्जर गिरफ्तार

**सूरौठ**, (निसं)। सूरौठ थाना पुलिस ने 10 वर्षों से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश दीवान गुर्जर को धौलपुर के बीहड़ जंगलों से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कुख्यात डकैत जगदीश गुर्जर गैंग का सक्रिय सदस्य बताया जा रहा है।

जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने सूरौठ थाने में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि 29 अगस्त 2016 को परिवादी कृष्णा सोनी निवासी सूरौठ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 अगस्त 2016 की रात करीब एक बजे हथियारबंद नकाबपोश बदमाश घर में घुस आए। बदमाशों ने परिवादी व उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और तिजोरी की चाबी मांगी।

कट्टे के भय से परिवादी ने तिजोरी की चाबी बदमाशों को दे दी। करीब 10 मिनट तक तिजोरी खोलने का प्रयास किया गया, लेकिन सफल नहीं होने पर आरोपी तिजोरी की चाबी, 4 तोला सोना तथा 3240 रुपये नकद लेकर फरार हो गए। इस संबंध में थाना सूरौठ पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।

अनुसंधान के दौरान प्रकरण में चेतराम उर्फ बंटी, अतरसिंह उर्फ राजवीर, लाखन, ऊधमसिंह, जगदीश, जण्डैल तथा रामवकील सहित कुल सात आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर डकैती विशिष्ट न्यायाधीश, जिला एवं सत्र न्यायाधीश करौली में चालान पेश किया जा चुका है।

प्रकरण में दीवान पुत्र मुंशी गुर्जर निवासी बरेड थाना सदर बाड़ी जिला धौलपुर के विरुद्ध भी जुर्म प्रमाणित पाए जाने पर न्यायालय में चालान पेश किया गया था। न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ मफरूरी वारंट जारी किया गया था। वह पिछले करीब 10 वर्षों से फरार चल रहा था और पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ था। थानाधिकारी सोहनसिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साधनों एवं आसूचना संकलन के आधार पर धौलपुर के बीहड़ जंगलों में लगातार दबिश देकर अंततः आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

एसपी सोनवाल ने बताया कि दीवान गुर्जर कुख्यात अपराधी है तथा डकैत जगदीश गुर्जर गैंग का सक्रिय सदस्य रहा है। जगदीश गुर्जर के विरुद्ध डकैती, नकबजनी, मारपीट एवं अन्य गंभीर प्रकृति के कई मामले दर्ज है थाना प्रभारी सोहन सिंह एएसआई विष्णु कुमार, कांस्टेबल योगेंद्र व देशराज कि बदमाश को पकड़ने में रही मुख्य भूमिका ,पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है।

### परनामी आज भरतपुर आएंगे

**भरतपुर**, (निसं)। भाजपा पार्टी भरतपुर कार्यालय पर रविवार को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम के 131 वें संस्करण को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सुना और देखा जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी उपस्थित रहेंगें। मन की बात कार्यक्रम के उपरांत पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी द्वारा प्रधानमंत्री के प्रस्तावित 28 फरवरी के अजमेर दौरे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक ली जाएगी। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन सभा में भरतपुर से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं के उपस्थित रहने की तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। जिला मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र पचौरी ने बताया कि बैठक में भाजपा के पूर्व सांसद, पूर्व विधायक एवं वर्तमान विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, सभी जिला पदाधिकारी एवं पूर्व पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### मतदाता सूची जारी

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। गंगापुर सिटी और बामनवास विधानसभा क्षेत्र की अंतिम मतदाता सूची जारी हो गई है। इसके अनुसार अब गंगापुर सिटी में कुल 2 लाख 55 हजार 967 मतदाता है। वहीं बामनवास में 2 लाख 42 हजार 113 वोटर्स हो गए। गंगापुर सिटी में मतदाताओं की संख्या में 5 हजार 668 की वृद्धि दर्ज की गई है। इसी तरह बामनवास विधानसभा क्षेत्र में कुल 5 हजार 841 नए मतदाता जुड़े हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम गंगापुर सिटी, बृजेन्द्र मीना ने यह जानकारी दी है। एसडीएम ने बताया कि अंतिम प्रकाशन के बाद भी मतदाता सूची का अद्यतन जारी रहेगा। मतदाता 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर की 4 अर्हता तिथियों के आधार पर नए नाम जोड़ने या त्रुटि सुधार के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए फॉर्म-6, 6ए और फॉर्म-8 का उपयोग किया जा सकता है। आवेदन ईसीआईनेट ऐप, वोटर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन या संबंधित बीएलओ के जरिए ऑफलाइन भी जमा किए जा सकेंगे

# 'खेल व सांस्कृतिक गतिविधियां सर्वांगीण विकास की आधारशिला'

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। सौरभ पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय परिसर में आयोजित सौरभ स्पोकल - 2026 का भव्य समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के इस बहुप्रतीक्षित आयोजन में विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन, रचनात्मकता और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

समारोह के मुख्य अतिथि महेश बेनीवाल सचिव राजस्थान देहली एजुकेशन सोसाइटी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रियकांत की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के डीन प्रो. एके कटारिया ने की। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. एसएस सिंघल सहित अन्य गणमान्यजन मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं वंदना से हुआ। अतिथियों का साफा, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। स्वागत उद्बोधन में डीन प्रो. कटारिया ने कहा कि खेल और सांस्कृतिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला हैं। डॉ. सिंघल ने विद्यार्थियों के अनुशासन और ऊर्जा की सराहना की।

इस अवसर पर सौरभ पशु संदेश - द्वितीय संस्करण का विमोचन किया गया। साथ ही संकाय सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षिणक हित में तैयार की गई विभिन्न उपयोगी पुस्तकों का लोकार्पण भी अतिथियों द्वारा किया गया, जिसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में सांस्कृतिक, साहित्यिक, इनडोर प्रतियोगिताओं, एथलेटिक्स एवं विभिन्न खेल स्पर्धाओं के विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में समूह नृत्य, एकल नृत्य एवं गायन प्रतियोगिताओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। वहीं वाद-विवाद, कविता, पोस्टर मेकिंग, रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। खेल प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, टग ऑफ वॉर तथा एथलेटिक्स स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने खेल कौशल और टीम भावना का परिचय दिया। विजेता टीमों एवं खिलाड़ियों को उत्साहपूर्वक सम्मानित किया गया। विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस के अंतर्गत आयोजित क्विज प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को भी प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि महेश बेनीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और अनुशासन का विकास करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को शुभकामनाएं दीं।

# अग्रवाल समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**भरतपुर**, (निसं)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन नई दिल्ली से सम्बद्ध भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा की ओर से भरतपुर काली बगीची स्थित गिरीश रिसोर्ट पर 22 फरवरी को अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित होगा,जिसमें भरतपुर-डीग जिले के 39 इकाई सहित अन्य स्थान के पदाधिकारी एवं अग्रबन्धु एवं विवाह योग्य अग्रवाल समाज के युवक-युवती आदि शामिल होंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के जिलाध्यक्ष अतुल मित्तल सीए करेंगे,जबकि मुख्य अतिथि भरतपुर के पूर्व विधायक विजय बंसल, पूर्व मंत्री व भरतपुर के विधायक डॉ.सुभाष गर्ग, पूर्व मंत्री मदनमोहन सिंघल, अग्रवाल समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ऐरन, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलम शाह होगी। महासभा के जिलाध्यक्ष अतुल मित्तल,महामंत्री मुकेश सिंघल एवं युवा अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश गुप्ता अचार वाले ने बताया कि जिला अग्रवाल महासभा भरतपुर-डीग के द्वारा 22 फरवरी को सुबह 10.30 बजे भरतपुर की काली बगीची निकट गिरीश रिसोर्ट पर अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियां शामिल होंगे, सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी हो गई और भरतपुर एवं डीग जिले की 39 अग्रवाल समाज की इकाईयों के पदाधिकारी,अग्रवाल समाज के गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। सम्मेलन की की अध्यक्षता महासभा के जिलाध्यक्ष अतुल मित्तल सीए करेंगे,जबकि मुख्य अतिथि भरतपुर के पूर्व विधायक विजय बंसल, पूर्व मंत्री व भरतपुर के विधायक डॉ.सुभाष गर्ग, पूर्व मंत्री मदनमोहन सिंघल,अग्रवाल समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ऐरन, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलम शाह होगी। उन्होने बताया कि इसी दिन अठावाल समाज में व्याप्त बुराईयों सहित शिक्षा,समाज के उत्थान,समाज की एकता,महिला शक्ति आदि पर चर्चाएं होगी और अठावाल युवक-युवती परिचय पुस्तक का विमोचन होगा।अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता अचार वाले ने बताया कि सम्मेलन में शहर भरतपुर, डीग, कामा, उच्चेंन, भुसावर, नदबई, कुम्हेर, सेवर, बयाना, रूपबास, रुदावल, वैर, पहाड़ी, नगर, सीकरी, जनूथर आदि स्थान की अग्रवाल समाज की इकाइयां भाग ले रही हैं।

## सार-समाचार

### निबंध प्रतियोगिता में चंचल प्रथम

**भरतपुर**, (निसं)। एच.डी.टीचर ट्रेनिंग इन्स्टीट्ययूट के रेड रिबन क्लब के द्वारा 'यौन संचारित रोग और रोकथाम' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गयां। प्रतियोगिता रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. नीता माथुर के नेतृत्व में की गई जिसमें कॉलेज के 30 छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में श्री राम मोहन शर्मा एवं डॉ. पूनम दीक्षित रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चंचल सेलंकी, द्वितीय स्थान चंचल कुमारी तथा तुतीय स्थान मन्दीप सिंह ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार पायल एवं आरती को उनके उत्कुष्ट प्रदर्शन हेतु प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरिदत्त ठ्ठुप ऑफ इन्स्टीट्ययूशन्स के निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने प्रतियोगिता में विजेताओं के नाम की घेषणा की। अपने उद्बोधन के द्वारा छात्रों को अभिप्रेरित करते हुए उन्होने कहा कि हरिदत्त ठाप ऑफ इन्सटीट्ययूशन्स समाजिक जिम्मेदारी के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने महाविद्यालय की रेड रिबन इकाई को कार्यक्रम के सफल आयेजन हेतु बधाई दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. नीलम सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि रेड रिबन क्लब भारत सरकार द्वारा शैक्षिणक संस्थानों में शुरू किया गया एक प्रमुख युवा आधारित आंदोलन है, जो एच.आई.वी. एड्स के प्रति जागरुकता बढ़ाने, यौन रेगों की रोकथाम, स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने तथा स्वस्थ जीवन शैली हेतु प्रोत्साहित करने का कार्य करता है। उन्होंने महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब के अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के अंत में प्रवक्ता तथा सहसंयोजक महेन्द्र ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### विद्यार्थियों ने लगाए 150 से अधिक पौधे

**भुसावर/भरतपुर**, (निसं)। कृषि महाविद्यालय भुसावर कैम्पस पर 21 फरवरी 2026 को विद्यार्थियों ने 150 से अधिक पौधे लगाये। महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि फरवरी माह में सर्दी ढलान पर होती है तथा मौसम अनुकूल होने के कारण यह पौधों का वृद्धिकाल है। अतः यदि पर्याप्त पानी की सुविधा उपलब्ध है तो बसंत ऋतु में नया पौधारोपण किया जा सकता है। प्रायः देखा गया है कि वर्षा ऋतु में लगाए पौधों में से करीब 10 से 15 प्रतिशत पौधे मर जाते हैं, इस समय मर गए पौधों के खाली स्थान पर नए पौधे लगाए जा सकते हैं। डॉ उदय भान सिंह के अनुसार पौधे लगाने के लिए पर्याप्त आकार का गड्ढा खोदे तथा उसमें 20 से 25 किठाा गोबर की खाद मिलावें। पौधा लगाने से पूर्व पौधे की प्लास्टिक थैली अवश्य हटा दें। पौधा यथासंभव शाम के वक्त लगावे तथा लगाने के तुरंत बाद पौधे में पानी अवश्य दें। यदि पौधा कमजोर तने का है तो उसे लकडी का सहारा दें। गर्मियों में पौधों को पर्याप्त पानी देना अनिवार्य है। पौधरोपण कार्यक्रम में डॉ. राहुल कुमार, डॉ. मोहित कुमार, डॉ. शंकर लाल यादव, डॉ. भानुप्रिया पंकज सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### फागोत्सव कल

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। मां गुमानो बीजासनी के धाम करणपुर में सोमवार 23 फरवरी फाल्गुन सुदी छठ को फागोत्सव मनाया जायेगा एवं फूलो से होली खेली जायेगी। समिति अध्यक्ष महेशचंद शर्मा और महामंत्री गोपाल सोनी ने बताया कि सोमवार को दोपहर एक बजे नई थोक फल सब्जी मण्डी से मातारानी के भक्त बसो से करणपुर धाम पहुंचगें। जहां शाम को करणपुर धाम पहुंच कर माता रानी के भक्त मां गुमानो बीजासणी मैया की पूजा अर्चना कर दर्शन करेंगे। यात्रा संयोजक दिनेश बंसल ने बताया कि इस अवसर पर मां गुमानो बीजासणी भवन में मातारानी की अखण्ड जोत प्रज्जवलित कर फाग महोत्सव मनाया जायेगा इस दौरान माता रानी के भजनो की प्रस्तुती दी जायेगी। जागरण के दौरान ड्रॉ सिस्टम से चुनरियों की लॉटरी भी निकाली जाएगी। समिति पदाधिकारियों ने माता के भक्तों से यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। यात्रा में जाने के इच्छुक श्रद्धालु दिनेश बंसल, नरेंद्र शर्मा और महेश शर्मा के अलावा गोपाल लाल सोनी से संपर्क कर सकते हैं।

### बैठक का आयोजन

**भरतपुर**, (निसं)। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार 'विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट -2026 के आयोजन के संबंध में महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भरतपुर में प्राचार्य डॉ. शिल्पीदीप माथुर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक एवं विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट -2026 के संयोजक डॉ. राजेश सिंह ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु महाविद्यालय स्तर पर गठित समितियों के प्रभारियों को आवंटित कार्य को पूर्ण निष्ठा से सम्पन्न करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में यूथ पॉर्लियामेंट के लिए पाँच सदस्यीय ज्यूरी का गठन प्राचार्य और राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक की सहमति से किया गया। प्राचार्य ने बताया कि जिला स्तर पर विकसित भारत यूथ पॉर्लियामेंट-2026 की मेजबानी करना महाविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। बैठक में प्राचार्य, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक, माई भारत युवा केन्द्र के उपनिदेशक, एम.एस.जे कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी तथा यूथ पॉर्लियामेंट हेतु गठित समितियों के प्रभारी उपस्थित रहे।

### झाड़ियों में लगी आग

**भरतपुर**, (निसं)। भरतपुर के झारौटी गांव स्थित बाढ़ गंगा नदी बहाव क्षेत्र में लगी सूखी झाड़ियों में आग लग गई। यह घटना से 4 सौ मीटर की दूरी पर इंडियन ऑइल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पाइप जा रही है। घटना की सूचना पर एलओसीएल के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। खेड़ली मोड थाना इलाके के एएसआई जितेंद्र कुमार ने बताया कि आज सूचना मिली कि झारौटी गांव के जंगल में सुखी झाड़ियों में आग लग गई है। तुरंत पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटना के बारे में कंट्रोल रूम और फायर बिठोड को सूचित किया। मौके पर तुरंत फायर बिठोड की गाड़ी आई। फायर बिठोड की मदद से करीब 30 मिनट के आग पर काबू पा लिया गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। एलओसीएल के सुपरवाइजर सुरेश कुमार ने बताया कि आग की सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचे। एलओसीएल की लाइन से करीब 400 मीटर की दूरी पर यह आग लगी। पाइप लाइन के लिए कोई नुकसान नहीं है।

### समाधान शिविर का आयोजन

**भरतपुर**, (निसं)। बीईएसएल एवं विद्युत विभाग द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 22 फरवरी 2026 को अम्बेडकर पार्क, सोगरिया मौहल्ला में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। बीईएसएल के जनसंपर्क अधिकारी सुधीर प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में पुराने बकाया विद्युत बिलों के कारण कटे हुए बिजली कनेक्शनों को पुनः चालू कराया जा सकेगा। साथ ही उपभोक्ता अपने बकाया बिजली बिलों को किश्तों में जमा करा सकते हैं अथवा पेनल्टी में रियायत प्राप्त कर एकमुश्त भुगतान की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले शनिवार को विजय नगर, हीरादास में आयोजित इसी प्रकार के शिविर में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने अपने पुराने बकाया बिलों की पेनल्टी में छूट प्राप्त की तथा कटे हुए कनेक्शनों को उसी दिन पुनः चालू कराया गया। पीआरओ सुधीर प्रताप सिंह ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर शिविर में पहुंचकर इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### त्रैवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू

**भरतपुर**,(निसं)। एसडीएस पब्लिक स्कूल बी नारायण गेट भरतपुर के मीटिंग हॉल में भरतपुर जिला व्यापार महासंघ संस्थान के 3वर्षिक चुनाव हेतु मतदाता सूची का प्रकाशन प्रातः 10 बजे किया गया जिसमें प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण कर संशोधित मतदाता सूची का प्रकाशन 4 बजे कर दिया गया 22 फरवरी 2026 को प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे तक नामांकन पत्रों को क्रय करने व 2:00 बजे तक जमा करने की प्रक्रिया रहेगी 3:00 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच व अपत्तियों पर सुनवाई की जा सकेगी वह दोपहर 3:00 बजे के बाद अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा दिनांक 23 फरवरी 2026 को प्रातः 10 से 3 बजे तक नामांकन पत्र वापसी की प्रक्रिया ब 3:00 बजे के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जावेगा चुनाव प्रक्रिया में संस्था के 15 संस्थापक सदस्य व 15 तहसीलों के अध्यक्ष व मंत्री व शहर भरतपुर की व्यापारिक संस्थाओं के अध्यक्ष व मंत्री ने 237 मतदाताओं द्वारा मतदान प्रक्रिया में भाग दिया जाएगा यदि आवश्यक हुआ तो दिनांक 24 फरवरी 2026 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक मतदान आदित्य रिजॉर्ट में करना, मतगणना 4:00 बजे शुरू होगी यह जानकारी चुनाव अधिकारी नवरत्न है एडवोकेट सहायक चुनाव अधिकारी प्रदीप शर्मा विष्णु जैन ने दी।